# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

**(द्वितीय सत्र)**

**मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 27 मार्च, 2018/6 चैत्र, 1940 (शक्)

----

**[सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - उद्योग मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 53**

----

### उठाऊ पेयजल योजना

***219 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) उठाऊ पेयजल योजना बैहल से त्यूनखास, री, स्वाहण गांव टोबा व काला कुण्ड नैना देवी पेयजल योजना, एवं आन्नदपुर हाईडल-चंगर उठाऊ सिंचाई योजना कब लोकार्पित की गई; इन पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

### रिक्त पद

***220 श्री राजेन्द्र राणा(सुजानपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में चिकित्सकों और पैरा-मैडिकल स्टाफ के कितने पद रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है;

(ख) क्षेत्रीय चिकित्सालय हमीरपुर में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; और

(ग) गत वर्ष इस अस्पताल हेतु डायलेसिस मशीन डोनेट की गई थी, यदि हां, तो क्या यह सुचारू रूप से कार्य कर रही है, यदि नहीं तो कारण?

----

## तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय

*221 **श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

*222 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चम्बा में सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें;

(ख) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा उपमंडलवार दें; और

(ग) विभाग में कार्यरत किन-किन श्रेणियों के कर्मचारियों का स्टेट, जिला, वृत्त, मंडल और उपमंडल में कितना सैंक्शन्ड कॉडर है; श्रेणीवार ब्यौरा दें?

----

## स्कूल भवन

*223 **श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं हैं तथा कितनों के अपने भवन हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) कितनी पाठशालाओं के भवन बनाए जाने प्रस्तावित हैं और इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है; ब्यौरा दें;

(ग) इन पाठशालाओं व महाविद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(घ) रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा ?

----

## **पेयजल योजनाएं**

***224 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या पेयजल योजना खण्डा क्लां का संवर्धन तथा पेयजल योजना महोटली का सुधार व विस्तार करने का विचार रखती है?

----

## **Vacant Posts**

***225 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) how many posts of different categories are lying vacant in Regional Hospital Solan; details be given; and

(b) by when these posts will be filled-up?

----

## **उठाऊ/सिंचाई योजना**

***226 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल शमशी (कुल्लू-II) के अन्तर्गत कितनी उठाऊ पेयजल/सिंचाई योजनाएं अधूरी हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में इस मण्डल के अन्तर्गत कितनी पाइपें बिछाई गई?

----

## **Cement plant**

***227 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether there is a proposal of Government to set up a Cement plant in Chamba District; and

(b) what is the latest position of this project?

----

## Co-operative Societies

***228 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that:-

(a) presently how many co-operative societies are registered in the state and how many are defaulters; and

(b) whether embezzlement has been committed in the Balute Society of Tehsil Hamirpur; if yes, what action has been taken by the Government case wise details be given?

----

## Status of Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojna

***229 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-

(a) what is the latest position of Pradhan Mantri Krishi Sinchai Yojna, sanctioned for 17 Panchayats of Dhami region, Shimla (Rural); and

(b) how much funds have been sanctioned?

----

## बच्चों की कद-काठी न बढ़ना

***230 श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में अधिकतर School Going Children की कद-काठी व भार उम्र के अनुपात में नहीं बढ़ रहे हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस समस्या से निपटने हेतु क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र

***231 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में घुमारवीं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कितने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले गये;

(ख) इन केन्द्रों के भवनों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और कितनी व्यय की गई; ब्यौरा दें; और

(ग) वर्तमान में इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं तथा कितने रिक्त हैं; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## स्टोन क्रशर

***232 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग ):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिलाधीश मण्डी कार्यालय से 1.5 किलोमीटर की दूरी पर एक स्टोन क्रशर है;

(ख) यदि हां, तो कब से व कितनी अवधि हेतु अनुमति दी गई है; ब्यौरा स्टोन क्रशर के मालिक के नाम व पते सहित दें; इससे विभाग को कितना राजस्व कितने उत्पादन के फलस्वरूप दिनांक 15 फरवरी, 2018 तक प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें;

(ग) यह भी सत्य है कि इस क्रशर को चलाने हेतु जनरेटर स्थापित किया गया है; यदि हां, तो यह किस क्षमता का है व क्या इस में बिजली का कनैक्शन नहीं है; यदि हां, तो कितनी धनराशि दिनांक 15/2/2018 तक बिजली बिल के रूप में सरकार को दी गई; बकाया धनराशि का ब्यौरा देय तिथि सहित दें; और

(घ) स्टोन क्रशर के मालिक के पास कितनी भूमि मलकीयत व कितनी लीज पर ली है; क्या इससे भूस्खलन हो रहा है; यदि हां, तो सरकार इस पर क्या कार्रवाई कर रही है?

----

## मल निकासी

***233 श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पांगी में मल निकासी हेतु पाइपें क्रय की गई थी; और

(ख) यदि हां, तो इसका कार्य कब तक आरम्भ किया जाएगा?

----

## चम्बा आई०टी०आई०/पॉलिटेक्निक कॉलेज

***234 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में चम्बा आई०टी०आई० और पॉलिटेक्निक कॉलेज में कितने

कर्मचारियों ने joining दी है;

(ख) यह सत्य है कि वे कार्य चम्बा से बाहर कर रहे हैं व सैलरी चम्बा से दी जा रही है; ब्यौरा दें; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार उनको नियुक्ति स्थान पर तैनात करने के आदेश देगी?

----

## स्वां चैनेलाइजेशन

*235 **श्री बलबीर सिंह(चिन्तपुरनी) :**
**श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**
**श्री राजेश ठाकुर(गगरेट) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) ऊना जिला के लिए स्वां चैनेलाइजेशन प्रोजैक्ट फेज-IV कब स्वीकृत हुआ और कितनी धनराशि स्वीकृत हुई;

(ख) इस प्रोजैक्ट के तहत अब तक कितनी और कौन-कौन सी खड्डें चैनलाइज हुई और उन पर कितनी धनराशि व्यय हुई; ब्यौरा दें;

(ग) इस प्रोजैक्ट का काम कब बंद हुआ और इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; और

(घ) क्या सरकार शेष कार्य को राज्य कोष से पूरा करवाएगी?

----

## Spice Park Nadaun

*236 **Sh. Sukhvinder Singh Sukhu (Nadaun):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that when was the Spice Park Nadaun notified and what is its latest position?

----

## MIS Scheme

*237 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that during last three years how much funds have been provided to Rampur/Nankhari Block under MIS scheme for various horticulture projects till 15th February, 2018?

----

## पदपूर्ति

***238 श्री सुन्दर सिंह ठाकुर (कुल्लू):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि जिला कुल्लू में नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग में कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## Scheme Workers

***239 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether Government proposes to designate scheme workers engaged under anganwadi, mid day meal, Asha and Sarva Shiksha Abhiyan as worker defined under Industrial Disputes Act 1947; and

(b) if yes, by when?

----

## पदपूर्ति

***240 श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि देहरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं और महाविद्यालयों में अध्यापकों, प्राध्यापकों एवं अन्य श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है ?

----

## Construction of Godown

***241 Sh. Jagat Singh Negi (Kinnaur):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that sum of Rs. 20 lakhs was sanctioned for construction of Godown /Office at Pooh in favour of Kinnaur District Fedration Tapri; and

(b) if yes, how much amount has been released; if not, reasons be given?

----

## Generic Drugs

***242 Sh. Rakesh Pathania (Nurpur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state that:-

(a) how many drugs are made available in C.H, P.H.C and C.H.Cs free of cost; details be given;

(b) whether generic drugs are compulsory while prescribing with generic names;

(c) how many persons will lose their jobs in this process; and

(d) how many generic medicines are available in 2nd and 3rd live Therapy in Chronic Diseases?

----

## नगर पंचायत की स्थापना

***243 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार क्या चिड़गांव (रोहडू) में नगर पंचायत की स्थापना करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

----

## विभिन्न श्रेणियों की रिक्तियां

***244 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क)कसुम्पटी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक, उच्च, माध्यमिक एवं प्राथमिक पाठशालाओं में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; और

(ख)सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; ब्यौरा पाठशालावार दें?

----

## दुर्घटनाग्रस्त मरीजों का उपचार

***245 श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में नागरिक अस्पताल पांवटा साहिब में कितने दुर्घटना के मामले आए;

(ख) कितने मरीजों को अन्य अस्पतालों के लिए सुविधा न होने कारण स्थानांतरित किया गया; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार इस अस्पताल में ट्रामा सेंटर खोलने का विचार रखती है; और

(घ) आयुर्विज्ञान महाविद्यालय व नागरिक अस्पताल पांवटा साहिब में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; इनमें कितने रिक्त हैं; इनको भरने हेतू सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## उद्यान योजना

*246 **श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) केन्द्र सरकार के अन्तर्गत उद्यान विभाग की प्रदेश में कितनी योजनाएं चल रही हैं; किन-किन योजनाओं में कितना-कितना अनुदान दिया जा रहा है; और

(ख) करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को इन योजनाओं के अन्तर्गत कितना अनुदान दिया गया व कितने बागवान लाभान्वित हुए; ब्यौरा दें?

----

## उद्यान विभाग की योजनाएं

*247 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) उद्यान उप-मण्डल राजगढ़ के अन्तर्गत कौन-कौन से कार्य और योजनाएं चलाई जा रही हैं; और

(ख) गत एक वर्ष मे बागवानी मिशन के अन्तर्गत कौन से कार्य हुए व कितने लोग इससे लाभान्वित हुए; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें?

----

## पेयजल योजनाएं

*248 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत चण्डी व कैन्था चड़ियार पेयजल योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## चिकित्सकों की रिक्तियां

***249 श्री सुभाष ठाकुर (बिलासपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में विशेषज्ञ चिकित्सकों व चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत हैं और उनमें से कितने रिक्त हैं; इनको कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## ग्रेच्युटी/लीव इनकैशमेन्ट

***250 श्री राकेश कुमार (सुन्दरनगर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि St. Bede's महाविद्यालय, शिमला के कर्मचारियों को Gratuity और Leave encashmant प्रदान की जा रही है; यदि हां, तो क्या प्रदेश के अन्य अनुदान प्राप्त स्कूल/महाविद्यालयों के कर्मचारियों को भी यह सुविधा प्रदान की जाएगी?

----

## बीयर फैक्टरी समलाना

***251 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) Tafcial बीयर फैक्टरी समलाना के लिए कितनी भूमि दी गई और इस फैक्टरी के लिए ऋण दिया गया है; यदि हां, तो कितना; ब्यौरा दें; और

(ख) फैक्टरी की स्थापना में हुई देरी के लिए कम्पनी के विरूद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

----

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र

***252 श्री सुरेश कुमार कश्यप(पच्छाद) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार द्वारा पच्छाद विधान सभा निवार्चन क्षेत्र के अन्तर्गत सराहं और राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की सुरक्षा और स्वच्छता के लिए क्या व्यवस्था की गई है; ब्यौरा दें?

(ख) सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराहां में कितने पद स्वीकृत हैं व भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## कुष्ठ आश्रम

*253 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना)**:

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ऊना नगर परिषद के वार्ड नं 4 में कुष्ठ आश्रम रेलवे की जमीन पर था इस आश्रम को तोड़ दिया है; और

(ख) यदि हां, तो उनके पुनर्वास हेतु सरकार क्या कार्रवाई कर रही है?

----

## बहुतकनीकी महाविद्यालय

*254 **श्री किशोरी लाल (आनी)**:

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ने आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में दलाश में बहुतकनीकी महाविद्यालय खोलने की अधिसूचना जारी की थी; यदि हाँ, तो प्रति सभा पटल पर रखे?

----

## चैल चौक उठाऊ पेयजल योजना

*255 **श्री विनोद कुमार(नाचन)** :

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत उठाऊ पेयजल योजना, चैल चौक, छम्यार राजवाड़ी, मौबीसेरी व तांदी सरोआ, छम्यार किलिंग पेयजल योजना का शिलान्यास कब हुआ है और C/o 8No.Tube Well योजना का शिलान्यास कब किया गया है; इनकी अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## शैक्षणिक संस्थान

*256 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में विभिन्न शैक्षणिक संस्थान केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप खोले गए हैं; यदि नहीं, तो कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## सरकारी पाईपों को नुकसान

***257 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि बिलासपुर सर्किट हाऊस में ठेकेदार द्वारा सरकारी कार्य करने हेतु विभाग की पाईपें स्टोर करके काटी गई; और

(ख) यदि हां, तो सरकार ने दोषी के विरूद्ध क्या कार्रवाई की है?

----

## पेयजल/सिंचाई परियोजनाएं

***258 श्री प्रकाश राणा (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितनी पेयजल/सिंचाई परियोजनाएं हैं; योजनावार ब्यौरा दें; और

(ख) BRICS में कौन सी योजनाएं शामिल की जा रही हैं उनका प्राक्कलन क्या बनाया जा चुका है व कौन -कौन सी पंचायतें इसमें शामिल की गई हैं; ब्यौरा दें?

----

## Computer /IT Teachers

***259 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Education Minister** be pleased to state that:-
(a) how many computer and IT teachers are employed in the State;

(b) how many are regular, on contract and outsourcing; details be given; and

(c) whether the Government is formulating any policy for these teachers?

----

## Sub-Division Jalog

***260 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that:-
(a) what is the latest position of I&PH Sub-Division Jalog; and

(b) by when will it be made functional ?

----

## योजनाओं की अद्यतन स्थिति

*261 **श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत बी. बी.एम.बी नहर से पानी उठा करके सिकन्दरा धार में टैंक वामतट मध्यम सिंचाई योजना एवं सुकेती खड्ड के तटीयकरण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## मल निकासी योजना

*262 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिन्तपुरनी में मल निकासी योजना की अद्यतन स्थिति क्या है; इस हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है; इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## नागरिक अस्पताल गगरेट

*263 **श्री राजेश ठाकुर (गगरेट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सकों व विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; और

(ख) नागरिक अस्पताल गगरेट में खराब एक्स-रे प्लांट को ठीक करवाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## रिक्त पद

*264 **श्री होशयार सिंह (देहरा):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि देहरा आई0पी0एच0 मण्डल के अन्तर्गत सभी उप-मण्डलों में विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों के पद कब से रिक्त हैं; सरकार रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है?

----

## मल निकासी

*265 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार क्या रोहडू व चिड़गांव नगर

परिषद हेतु मल निकासी का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; नहीं तो कारण; ब्यौरा दें?

----

## पेयजल/सिंचाई योजनाएं

*266 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी ):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नौहराधार, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मण्डल में कितनी पेयजल/ सिंचाई योजनाएं निर्माणाधीन हैं; ब्यौरा योजनाओं का नाम सहित दें?

----

## बनलगी औद्योगिक क्षेत्र

*267 **श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के बनलगी को औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया था और भूमि का अधिग्रहण किया है; यदि हां, तो सरकार कब तक उद्योग स्थापित करने का विचार रखती है?

----

## सूखा हार सिंचाई परियोजना

*268 **श्री अर्जुन सिंह(ज्वाली) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सूखा हार सिंचाई परियोजना की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) उप-मण्डल नगरोटा सूरियां में लगाए गए 11 ट्यूबवैल में से कितने ट्यूबवैल सफल हुए; और

(ग) क्या विभाग फेल हुए ट्यूबवैल की जगह वैकल्पिक स्थल चिन्हित करेगा?

----

## सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में रिक्तियां

*269 **श्री सुरेश कुमार कश्यप(पच्छाद) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य विभाग में तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कितने पद स्वीकृत हैं; पदवार ब्यौरा दें;

(ख) सरकार क्या इन पदों को भरने का विचार रखती है;

(ग) गत तीन वर्षों में कितने हैंड पंप कहां कहां लगाए गए हैं, इनमें कितने खराब; ब्यौरा दें; और

(घ) गत तीन वर्षों में ऐसी कितनी सिंचाई एवं पेयजल योजनाएं है जिनका निर्माण कार्य अधूरा है; कितने-कितने धन का प्रावधान किया गया है; इनका कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा ?

----

## आयुर्वैदिक अस्पताल/औषद्यालय

*270 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने नए आयुर्वैदिक अस्पताल, औषद्यालय खोले गए हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि गराड़ी गाड और पलौहटा में आयुर्वैदिक औषद्यालय खोलने की घोषणा की गई है; यदि हां, तो निर्माण कार्य कब तक किया जाएगा?

----

## कर्मचारियों का नियमितीकरण

*271 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आयुर्वैदिक विभाग में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी (दैनिक वेतन भोगी) कर्मचारियों को कब तक नियमित करने का विचार रखती है?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 12 मार्च , 2018.** **सचिव।**